तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 25 जून 2025

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

11 संकुल स्तरीय प्रवेश उत्सव में छात्रों का स्वागत



12 भागवत कथा के शुभारंभ पर निकाली कलश यात्रा



शाश्वत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार
प्रवेश प्रारम्भ
के.जी.1 से 12वीं (साईन्स, आर्ट्स, कामर्स, कृषि विज्ञान)
अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम
शाश्वत में आइये और टॉपर बन जाइये...
लुभी साहू कक्षा 12वीं 97%
छत्तीसगढ़ टॉप टेन में 4था स्थान प्राप्त करने पर बहुत-बहुत बधाई

| सभी विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन | |
|---|---|
| भौतिक शास्त्र | 100 अंक |
| जीवविज्ञान | 100 अंक |
| रसायन शास्त्र | 97 अंक |
| हिन्दी | 96 अंक |
| अंग्रेजी | 92 अंक |

प्रिंसी वर्मा 97% सतीश रॉय 96.3% वसुंधरा 96.1% तुषार 95.3% तनु साहू 94.6% हिमानी 94.5% मानसी कुर्रे 93%
अनीषा ध्रुव 92% सायरा चतुर्वेदी 91.8% कृषिका फेकर 91% पायल साहू 91% वंदना देवांगन 90.8% कनिष्का यादव 90.8% माही सोनी 90.3%
नि:शुल्क वाहन सुविधा - लोकल बलौदाबाजार, लटुवा, रिसदा, कुकुर्दी, बम्हनमुड़ी संपर्क : 9111002360, 9111002362, 6268089459

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-25/06/25

# लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय था आपातकाल : रामविचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भाजपा ने आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर कांग्रेस पार्टी पर हमला बोला। जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, कृषि मंत्री रामविचार नेताम एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कांग्रेस की तानाशाही मानसिकता को लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि 25 जून 1975 की रात तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आंतरिक अशांति का बहाना बनाकर देश पर आपातकाल थोप दिया। यह निर्णय किसी युद्ध या विद्रोह के कारण नहीं बल्कि अपनी सत्ता बचाने की हताशा में लिया गया था। उन्होंने कहा कि उस दौर में लोकतांत्रिक संस्थाओं, प्रेस की स्वतंत्रता, न्यायपालिका की निष्पक्षता और नागरिकों के मौलिक अधिकारों को कुचल दिया गया। अग्रवाल ने आरोप लगाया कि आज भी कांग्रेस उसी तानाशाही मानसिकता के साथ कार्य कर रही है। केवल उनके तौर-तरीकों में बदलाव आया है। नीयत में नहीं।

उन्होंने बताया कि वर्ष 1974 में गुजरात में राष्ट्रपति शासन और बिहार में कांग्रेस विरोधी आंदोलन ने कांग्रेस की सत्ता को हिला दिया था। 12 जून 1975 को कोर्ट ने इंदिरा गांधी को चुनाव में दोषी ठहराते हुए छह वर्षों तक किसी भी पद पर बने रहने से अयोग्य घोषित कर दिया। ▶▶ शेष पेज 11 पर

## आपातकाल के 50 वर्ष : भाजपा का कांग्रेस पर तीखा प्रहार



### अनुच्छेद 352 का दुरुपयोग कर लोकतंत्र को रौंदा

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने आपातकाल को भारत के लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय बताते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद 352 का दुरुपयोग कर लोकतंत्र को रौंदा गया। उन्होंने कहा कि लाखों नेताओं को जेलों में बंद कर दिया गया और देश को 26 जून की सुबह रेडियो के जरिए तानाशाही के आगोश में पहुंचा दिया गया। नेताम ने कहा कि यह कदम देश में किसी युद्ध या बाहरी हमले की स्थिति में नहीं, बल्कि एक व्यक्ति द्वारा अपनी कुर्सी बचाने के लिए उठाया गया था।

## खबर संक्षेप

### दो भाइयों ने की मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम बेलसोंडा में एक युवक के साथ दो भाइयों ने मिलकर मारपीट कर दी। पुलिस को प्रार्थी सुनील चंद्राकर ग्राम बेलसोंडा वार्ड नंबर 10 ने बताया कि 22 जून की रात्रि लगभग 8.30 बजे ग्राम बेलसोंडा जितेंदर ढाबा से खाना खाने के बाद वह मनीष चंद्राकर एवं विकास चंद्राकर की दुकान पर गया। दुकान में विकास चंद्राकर था, जिससे उसने पान पराग एवं पानी बाटल मांगा। जिस पर विकास ने अभी सामान नहीं दे सकता हूं कहा। फिर उस जब पूछा कि क्यों नहीं दे सकते हो। तब विकास चंद्राकर ने आवेश में आकर मेरी मर्जी मेरा दुकान है कहकर उसका कालर पकड़कर गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारा है। कुछ देर बाद आरोपी बड़ा भाई मनीष चंद्राकर भी आया और उसने गाली गलौज कर अपने दुकान के पास पड़े हुए डंडे मारा।

### एक्सीडेंट में डेयरी संचालक की गाय की मौत

**महासमुंद।** सरायपाली में एक डेयरी संचालक की गाय की एक्सीडेंट में मौत हो गई। पुलिस को प्रार्थी योगेश शर्मा वार्ड नंबर 14 मेन रोड सरायपाली ने बताया कि वह डेयरी का संचालन करता है। 23 जून को उसकी गाय चरने बस स्टैंड की ओर गई थी, रात्रि करीबन 9:30 बजे वापस आते समय बस स्टैंड सरायपाली फल दुकान के सामने वाहन क्रमांक सीजी 10 एएल 0501 के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर उसकी एक लाल रंग के गाय उम्र लगभग 9 साल को एक्सीडेंट कर दिया है, जिससे मौके पर गाय की मौत हो गई है।

### चाकू से हमला, एक गंभीर

**महासमुंद।** सिंघोड़ा थाना अंतर्गत परसकोल पुलिया के पास विवाद के दौरान एक व्यक्ति ने दूसरे पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की रिपोर्ट घायल के बड़े भाई ने कराई है। सिंघोड़ा थाने में प्रार्थी सादराम यादव पिता रेशमलाल यादव (60 साल) घेसपाली ने रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि 22 जून को वह और उसके गांव का पुमेश्वर चौधरी खेत का काम करके वापस घर जा रहे थे। परसकोल पुलिया के पास दोपहर करीबन 3.30 बजे छोटे भाई सेतराम यादव और ग्राम बाराडोली के प्रेम सारथी किसी बात को लेकर विवाद कर रहे थे। इसी दौरान आरोपी प्रेम सारथी ने सेतराम यादव को आज तुझे जान से मार दूंगा कहकर गाली गलौज करते हुए अपने पास रखे चाकू से जान से गले में और कमर के पीछे चाकू से मारकर प्राण घातक हमला कर दिया। जिसे 112 वाहन में सरायपाली अस्पताल ले गये जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उचित इलाज हेतु रायपुर रेफर किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 296, 351(2), 109(1) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## फैसला : कर्ज चुकाने जमीन नहीं बेचने पर दिया था घटना को अंजाम

# पिता की हत्या करने वाला बेटा दोषी करार, मिली उम्रकैद की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ग्राम रिसदा में पिता की नृशंस हत्या करने वाले बेटे को बलौदाबाजार की अदालत ने दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह फैसला प्रधान सत्र न्यायाधीश अब्दुल जाहिद कुरैशी द्वारा सुनाया गया। आरोपी जितेंद्र वर्मा को धारा 302 भारतीय दंड संहिता के तहत दोषी पाया गया और 10 हजार के जुर्माने के साथ आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। जुर्माना अदा न करने पर अतिरिक्त छह महीने की कठोर कैद का आदेश भी दिया गया है।

घटना सीटी कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम रिसदा की है। मृतक चिंतामणी वर्मा की हत्या पिछले वर्ष 15 मार्च की रात उनके ही बेटे जितेंद्र वर्मा ने की थी। आरोपी शराब का आदी था और उस पर कर्ज था। वह पहले सोसायटी में सहायक व्यवस्थापक के पद पर कार्यरत था, परंतु 13 लाख की गड़बड़ी के चलते उसे नौकरी से निकाल दिया गया था।

परिवार को कर्ज से उबारने के लिए चिंतामणी वर्मा ने अपनी जमीन 24 लाख में बेच दी थी, लेकिन जितेंद्र के कर्ज का बोझ फिर भी खत्म नहीं हुआ। वह बार-बार अपने पिता से जमीन बेचने और शेष कर्ज चुकाने की मांग करता रहा। आए दिन इसी बात को लेकर पिता-पुत्र में झगड़े होते थे।

घटना की रात भी दोनों के बीच विवाद हुआ। सुबह जब चिंतामणी वर्मा बाड़ी में बने शौचालय से नहीं लौटे तो उनकी पत्नी कुमारी बाई उन्हें देखने गई। वहां उन्होंने देखा कि जितेंद्र अपने पिता को घसीट रहा था और उनके गले से खून बह रहा था। आरोपी ने मां को घटना किसी को न बताने की धमकी दी और वहां से चला गया। बाद में कुमारी बाई ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

पुलिस ने घटना की जांच कर आरोपी जितेंद्र वर्मा को गिरफ्तार किया और हत्या का मामला दर्ज किया गया। मामले की विवेचना के बाद पिछले वर्ष 28 मई को अभियोग पत्र मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी बलौदाबाजार की अदालत में प्रस्तुत किया गया, जहां से यह केस प्रधान सत्र न्यायाधीश की अदालत में स्थानांतरित हुआ।



### 16 गवाहों के बयान लिए गए

मामले में कुल 16 गवाहों के बयान लिए गए। अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक थानेश्वर वर्मा ने मजबूती से पक्ष रखा और आरोपी के मेमोरेंडम कथन, जब्ती पत्रक तथा प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर घटना को प्रमाणित किया। सभी सबूतों और साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने आरोपी जितेंद्र वर्मा को अपने पिता की हत्या का दोषी पाया और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# मितानिन की हत्या आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

प्रदेश सचिव चंद्र किशोर वासनिक के नेतृत्व में सिमगा ब्लॉक के स्वस्थ मितानिन संघ ने एसडीएम अंशुल वर्मा को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने बताया कि कांकेर जिला विकासखंड दुर्गकौंदल ग्राम चिखली के मितानिन प्रशिक्षक जयंती मंडल की अज्ञात आरोपी द्वारा पत्थर से कुचल कर हत्या कर दी गयी है। ग्राम हुलघाट के नदी किनारे उनकी लाश बरामद हुई जिसके सिर पर पत्थर से वार किया गया था।

मृतक जयंती मंडल 40 वर्ष मितानिन कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत हिमतवाही एवं चिखली में प्रशिक्षक के रूप में 2004 से कार्यरत थी। वह मूलतः बांदे की निवासी थी। प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ द्वारा अज्ञात आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर परिजनों को मुआवजा देने संबधी ज्ञापन सौंपा।

# ब्यूटी पार्लर संचालिका ने लगाई फांसी, पुलिस जांच में जुटी

**पलारी।** नगर के वार्ड नं 11 में मंगलवार को युवती ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार स्वाति ब्यूटी पार्लर की संचालिका स्वाती वर्मा 24 वर्ष ने अपने ही ब्यूटी पार्लर में नायलोन की रस्सी में सिलिंग फैन से बांधकर फांसी लगा ली। बताया गया है कि मृतक स्वाति वर्मा पठारीडीह निवासी हैं। वे पलारी में ब्यूटी पार्लर की दुकान चलाती है। घटना के दिन उनके गांव के परिवार में दशगात्र कार्यक्रम चल रहा था, जिसमें वे शामिल भी हुई थीं, लेकिन वह उस दिन बस से पलारी आई और रोते बिलखते ब्यूटी पार्लर में चली गई। थोड़ी देर बाद वह निकलकर बाजार से रस्सी खरीदकर ले आई और ब्यूटी पार्लर में ही फांसी लगा ली। पुलिस ने शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया है तथा मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच में जुट गई है।



# आपदा पीड़ित परिवार को 8 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार।** प्राकृतिक आपदा से मृत दो व्यक्तियों के निकट परिजनों के लिए 8 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत स्वीकृति प्रदान की हैं।

जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ति परिवार के सदस्यों में बुगाला बाई मिरी पति स्व. राजकुमार मिरी निवासी ग्राम कंजी तहसील बलौदाबाजार एवं पार्वती ध्रुव पति स्व आनंद राम ध्रुव निवासी ग्राम धंवई तहसील बलौदाबाजार शामिल हैं। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को आरटीजीएस के जरिये पीड़ति के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

# अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन की प्रदेश स्तरीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन रायपुर के कलेक्टर गार्डन में हुई। इसमें प्रदेश अध्यक्ष खुलेश वर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष शैलेश चौधरी उपस्थित थे। रायपुर जिला अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा के नेतृत्व में सभी जिले से आए जिला अध्यक्ष के साथ अपने जिला में कैसे उपभोक्ता को जागरूकता करना है। खाद्य पदार्थ में मिलावटी, पेट्रोल मे मिलावटी, हॉलमार्क जैसे महत्वपूर्ण विषय पर विचार किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में जन जागरूकता जनचेतना एवं लोगों को ठगी से सजग रहने पर प्रकाश डाला गया।



कार्यक्रम में शामिल प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी प्रदेश अध्यक्ष खुलेश वर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष शैलेश चौधरी, रायपुर जिला अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा, बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष मिथलेश वर्मा, रायपुर जिला महासचिव मंजू जायसवाल, लोकेश वर्मा, टोमन दास बंजारे, हेमचंद वर्मा, संजय वर्मा, इंद्र कुमार वर्मा, रोहित वर्मा, पोषण बांधे, मनोज वर्मा, विनोद कश्यप, दिलीप शर्मा राजनादगांव जिलाध्यक्ष आदि मौजूद थे।

## भाजपा सदस्यों ने डॉ. मुखर्जी के बलिदान को किया याद

# सुहेला मंडल ने मनाया डॉ. मुखर्जी का बलिदान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों व स्थानीय जनसमुदाय द्वारा मंडल मुख्यालय सुहेला सहित सभी बूथों में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया। इस दिन को उनकी पुण्यतिथि के रूप में राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रति उनकी निष्ठा को स्मरण करते हुए मनाया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार ने कहा कि डॉ. मुखर्जी राष्ट्रीय एकता के प्रबल समर्थक थे, जिन्होंने देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान का खुला विरोध किया। उन्होंने नेहरू मंत्रिमंडल से इस्तीफा देकर जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव कटरिया, धनीराम साहू, महामंत्री युगल किशोर वर्मा, उपाध्यक्ष रामकुमार साहू, सरपंच प्रतिनिधि देवा धृतलहरे, दीपक वर्मा, सुमित वर्मा, चंडी से द्वारिका वर्मा, बद्री वर्मा, हिरमी से कीर्ति वर्मा, हेमंत यादव, फरहदा से भुनेश्वर साहू, बलकरण, फुलवारी से आनंद राम, मेघनाथ साहू मौजूद थे।



### भाजपा ने डॉ. मुखर्जी को

**अर्जुनी।** ग्राम पंचायत अर्जुनी के विद्यानगर स्थित रंगमंच में 23 जून को भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि डोमन वर्मा ने डॉ. मुखर्जी के योगदान को याद किया। साथ ही डमरूधर वर्मा उपसरपंच, विष्णु साहू पूर्व सरपंच, चित्ररेखा साहू, एम आर वर्मा ने डॉ. मुखर्जी द्वारा किए गए कार्यों एवं उनके योगदान पर अपना विचार व्यक्त किया। इस अवसर में जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि डोमन वर्मा, डमरूधर वर्मा, जवाहरलाल वर्मा उपसरपंच एवं बलौदाबाजार ग्रामीण मंडल भाजपा महामंत्री विष्णु साहू, गंगा प्रसाद यद्धु, राधेश्याम वर्मा, चिंतामणि साहू, संतोष वर्मा, देवचरण साहू, मिथलेश वर्मा, आर आर साहू, उदय राम वर्मा, चित्ररेखा यद्धु, एम आर वर्मा, सूरज वर्मा, लकी साहू, संजय रजक, दीपक रजक, सहित भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# नगर में स्वास्थ्य शिविर शुरू, कई बीमारियों का हो रहा इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ इकाई कसडोल के तत्वावधान में 23 से 28 जून तक 6 दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है, जिसका शुभारंभ सोमवार को भाजपा पिछड़ा वर्ग संगठन जिला अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल के मुख्यातिथ्य में किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि जायसवाल का डॉ. वीआर चौधरी ने स्वास्थ्य परीक्षण किया।

ज्ञात हो कि इस शिविर में एक्यूप्रेशर, मसाज एवं चुंबकीय एक्यूप्रेशर रिसर्च ट्रेनिंग व ट्रीटमेंट संस्थान जोधपुर राजस्थान के विशेषज्ञ द्वारा किया जा रहा है, जिसका पंजीयन शुल्क 100 रुपए निर्धारित है।

शिविर में डॉ. वीआर चौधरी एवं थेरेपिस्ट डीआर जाखड़ जोधपुर राजस्थान द्वारा सुबह 8 से दोपहर 12 बजे एवं शाम 4 से 8 बजे किया जा रहा है। इस स्वास्थ्य शिविर में पुराना सरदर्द, साइटिका, आंख, कान, गले का रोग, लंबाई बढ़ाना, घुटनों का दर्द, मोटापा, ब्लड प्रेशर, शुगर, गैस, कब्ज, सर्वाइकल दर्द, कमर दर्द, जोड़ों का दर्द, लकवा, मस्सा, बवासीर, मानसिक तनाव, डिप्रेशन, हाथ पैरों में झुनझुनी आना सहित अनेक रोगों का इलाज बिना दवाई के एक्यू प्रेशर मसाज एवं वाइब्रेशन थैरेपी से किया जा रहा है।



## खबर संक्षेप



### भाजपा ने किया श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद

रायपुर। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि देकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। एकात्म परिसर में श्रद्धांजलि सभा में रायपुर दक्षिण के विधायक सुनील सोनी ने कहा, धारा 370 समाप्ति ही डॉ. मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि है। यह काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसा साहसिक नेतृत्व ही कर सकता है। युवा मोर्चा के रक्तदान शिविर में सुनील सोनी ने कहा, डॉ.मुखर्जी का बलिदान व्यर्थ नहीं गया। आज इतनी बड़ी संख्या में लोग उनके बलिदान दिवस पर रक्त देकर एक व्यक्ति को जीवन दान देने का काम कर रहे हैं। प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, वे आजाद भारत के पहले क्रांतिकारी है जिन्होंने अखंड भारत के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने कहा, यह हम सबका सौभाग्य है कि हम ऐसे वटवृक्ष के नीचे छाया में हैं, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर भी इस देश को अखण्ड रखने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

### वाणिज्यिक कर विभाग में 17 अधिकारियों के तबादले

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन ने वाणिज्यिक कर विभाग में पदस्थ अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी कर दिए हैं। विभाग द्वारा जारी इस सूची में 17 अधिकारियों के नाम शामिल हैं। जारी तबादले के आदेश में जिन अधिकारियों के तबादले किए गए हैं, उनमें लेख राज बजारी को कार्यालय सहायक आयुक्त राजनांदगांव से कार्यालय संयुक्त आयुक्त राज्य कर दुर्ग संभाग पदस्थ किए गया है। श्रवण कुमार कार्यालय राज्य कर आयुक्त नवा रायपुर अटल नगर से उपायुक्त राज्य कर नवा रायपुर, नुरेन्द्र कुमार पटेल को कार्यालय सहायक आयुक्त राज्य कर रायपुर वृत्त नौ से उपायुक्त राज्य कर रायपुर संभाग, नवदीपक साहू कार्यालय सहायक आयुक्त राज्य कर रायपुर वृत्त तीन से कार्यालय संयुक्त आयुक्त राज्य कर नवा रायपुर संभाग, कल्पना साहू कार्यालय सहायक आयुक्त राज्य कर दुर्ग वृत्त तीन से उपायुक्त राज्य कर रायपुर संभाग क्रमांक दो, भूपेंद्र बहादुर जांगडे कार्यालय सहायक आयुक्त राज्य कर जांजगीर को उपायुक्त राज्य कर रायगढ़ संभाग, सविता कोर्रम कार्यालय सहायक आयुक्त राज्य कर जगदलपुर वृत्त दो से कार्यालय राज्य कर आयुक्त नवा रायपुर अटल नगर, संदीप कुमार साय कार्यालय सहायक आयुक्त राज्य कर अम्बिकापुर वृत्त आठ से कार्यालय संयुक्त राज्य कर सरगुजा संभाग, टीकम गुनेन्द्र कार्यालय सहायक आयुक्त राज्य कर रायपुर वृत्त आठ से कार्यालय कार्यालय राज्य कर आयुक्त, नवा रायपुर अटल नगर,. शंकर सिंह जानसन कार्यालय सहायक आयुक्त राज्य कर कवर्धा से उपायुक्त राज्य कर जगदलपुर संभाग, मदन राम बड़ा कार्यालय सहायक आयुक्त राज्य कर अंबिकापुर से उपायुक्त राज्य कर सरगुजा संभाग, अरविंद पांडे कार्यालय सहायक आयुक्त राज्य कर रायपुर वृत्त एक से उपायुक्त राज्य कर बिलासपुर, संदीप यदु को कार्यालय सहायक आयुक्त राज्य कर दुर्ग से उपायुक्त राज्य कर दुर्ग संभाग, सी खलखो कार्यालय सहायक आयुक्त राज्य कर जगदलपुर वृत्त एक से उपायुक्त राज्य कर रायपुर संभाग क्रमांक दो, प्रकाश गुप्ता कार्यालय सहायक आयुक्त राज्य कर रायपुर से कार्यालय संयुक्त आयुक्त राज्य कर नवा रायपुर अटल नगर, मीना मिश्रा कार्यालय सहायक आयुक्त राज्य कर अंबिकापुर वृत्त एक से कार्यालय संयुक्त आयुक्त राज्य कर बिलासपुर संभाग और सुखना राम कार्यालय सहायक आयुक्त राज्य कर बिलासपुर वृत्त तीन से कार्यालय संयुक्त आयुक्त राज्य कर सरगुजा पदस्थ किया गया है।

# अब तिलहन बीज उत्पादन और प्रमाणित बीज वितरण अनुदान मिलेगा 1500 रुपए प्रति क्विंटल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब तिलहनी फसलों के बीज उत्पादन और प्रमाणित बीज वितरण पर अनुदान के रूप में 1500 रुपए प्रति क्विंटल राशि दी जाएगी। राशि में यह वृद्धि 10 साल बाद हो रही है। 2015 से अब तक 1000 रुपए दिए जाते थे।

**ये है मामला :** राज्य सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने यह बदलाव करने के लिए कृषि विभाग की कृषक समग्र विकास योजना के दिशा निर्देशों में संशोधन किया है। इस संबंध में संचालक कृषि, सभी जिला कलेक्टर, सभी जिला उप संचालक कृषि, सभी जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को इससे अवगत कराया गया है।

### दस साल से मिल रहे थे एक हजार रुपए

#### क्या है ये योजना

अलग खबर

कृषक समग्र विकास योजना के तहत, बीज संवर्धन योजना का मुख्य उद्देश्य उच्च गुणवत्ता वाले बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। यह योजना छत्तीसगढ़ राज्य के किसानों को लाभान्वित करने के लिए बनाई गई है, खासकर लघु और सीमांत किसानों को। इस योजना के तहत, किसानों को प्रमाणित और संकर बीजों पर अनुदान दिया जाता है, जिससे वे अपनी फसलों के लिए बेहतर गुणवत्ता वाले बीज प्राप्त कर सकें।



#### ये है योजना का उद्देश्य

उच्च गुणवत्ता वाले बीजों की उचित मूल्य पर उपलब्धता सुनिश्चित करना। इसके लिए पात्रता यह है कि छत्तीसगढ़ राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था में पंजीकृत किसान होना चाहिए। राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम या संचालक कृषि के माध्यम से अनुदान दिया जाता है।

#### अब हुआ ये बदलाव

कृषक समग्र विकास योजना के घटक अक्ती बीज संवर्धन योजना में संशोधन के तहत अब तिलहनी फसलों के प्रजनक से आधार, आधार से प्रमाणित एवं प्रमाणित 1 से प्रमाणित 2 बीज उत्पादन पर 1500 रुपए प्रति क्विंटल अनुदान दिया जाएगा। इसी तरह प्रमाणित बीज वितरण पर अनुदान के संबंध कहा गया है कि तिलहनी फसलों के आधार एवं प्रमाणित बीज उत्पादन पर 1500 रुपए प्रति क्विंटल का अनुदान दिया जाएगा। 2015 से अब तक यह अनुदान 1000 रुपए मिलता था। इस योजना की बाकी शर्तें यथावत रहेंगी।

# सोसाइटियों में सूचक बोर्ड नियम का पालन नहीं प्रबंधक नहीं कर रहे डीएपी-यूरिया की एंट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर


लाइव रिपोर्ट

सहकारी सोसाइटियों में एक ओर जहां डीएपी और यूरिया की किल्लत बनी हुई है, वहीं दूसरी ओर सोसाइटियों में किसानों को उपलब्ध कराई जाने वाली डीएपी, यूरिया सहित इफको, पोटाश, धान बीज आदि सामग्री से संबंधित स्टॉक की मात्रा एवं दर की एंट्री भी सूचक बोर्ड में दर्ज नहीं की जा रही है, जिसके कारण किसानों को इसकी जानकारी से भी वंचित रखा जा रहा है कि सोसाइटी में स्टॉक है या नहीं। सूचक बोर्ड में एंट्री नहीं होने से किसान भी सोसाइटी में स्टॉक या नहीं इसे लेकर भ्रमित हो रहे हैं, जिसका फायदा कई सोसाइटी प्रबंधक उठा रहे हैं।

स्टॉक होने के बाद भी डीएपी और यूरिया सहित अन्य सामग्री नहीं होना बताकर किसानों को बैरंग लौटाया जा रहा है, वहीं कई जगह स्टॉक की कम उपलब्धता बताकर निर्धारित से अधिक कीमत पर सामग्री बेचे जाने की भी शिकायतें सामने आई हैं।

हरिभूमि टीम ने राजधानी रायपुर जिले की कई सोसाइटियों में जाकर डीएपी, यूरिया, पोटाश सहित अन्य सामग्री के स्टॉक और सूचक बोर्ड की पड़ताल की। इस पड़ताल में सोसाइटियों में सूचक बोर्ड तो टंगे मिले, लेकिन उनमें कहीं भी स्टॉक की मात्रा एवं दर से संबंधित एंट्री नहीं मिली। इन सोसाइटियों के प्रबंधकों से सूचक बोर्ड में स्टॉक की एंट्री से संबंध जानकारी ली, तो उनके द्वारा तरह-तरह के बहाने बनाए गए। इनमें किसी ने कहां कि रोज एंट्री होती है, लेकिन आज देर हो गई है, तो किसी ने कहा कि कर्मचारी एंट्री करना भूल गया है, वैसे हर दिन एंट्री की जाती हैं।

उल्लेखनीय है कि सोसाइटियों में डीएपी एवं यूरिया की किल्लत होने से किसानों को बाजार से महंगे दर पर खरीदना पड़ रहा है, वहीं एक ओर सोसाइटियों में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध होने की बात कहीं जा रही है। इधर जिन सोसाइटियों में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, उन गांव के कुछ किसानों ने बताया कि सोसाइटियों में मांग के अनुसार डीएपी, यूरिया आदि सामग्री नहीं मिलने के कारण उन्हें निजी दुकानों से खरीदना पड़ा। इससे आशंका जताई जा रही है कि सोसाइटियों में सूचक बोर्ड में स्टॉक उपलब्धता की एंट्री नहीं कर किसानों को मौखिक रूप से गलत जानकारी देकर उन्हें खाद सामग्री बेची जा रही है।




#### केस 1

माना स्थित 132 शाखा में सूचक बोर्ड में स्टॉक संबंधित एंट्री नहीं मिली। इस शाखा के प्रबंधक टेकराम बघेल ने पूछने पर स्टॉक की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्टॉक में डीएपी नहीं हैं, लेकिन एनपीके उपलब्ध है। यूरिया, पोटशा एवं सुपर फास्ट भी उपलब्ध हैं। स्टॉक की उपलब्ध होने के बाद सूचक बोर्ड में इसकी एंट्री नहीं की गई थी।



#### केस 2

अभनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम तोरला कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सोसायटी में भी सूचक बोर्ड तो लगा था, लेकिन उसमें खाद सहित अन्य सामग्रियों की मात्रा, दर की एंट्री नहीं की गई थी। इस सोसाइटी के प्रबंधक कमल नारायण साहू ने बताया कि उनके यहां भी 400 किसानों को एनपीके, यूरिया, पोटाश आदि वितरण किया गया हैं। इसके अलावा सोसाइटी में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। लगभग 100 किसान अभी सामग्री नहीं लिए हैं, जिसे बांटा जाना है।




# राशन कार्डधारियों को तीन माह का राशन देने की समय-सीमा 20 जुलाई तक बढ़ाने केंद्र से आग्रह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल के निर्देश पर खाद्य विभाग की सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत राशन कार्डधारियों को माह जून से अगस्त तक तीन माह का एकमुश्त राशन वितरण की तिथि 20 जुलाई तक वृद्धि करने केन्द्रीय खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के उप निदेशक को पत्र लिखकर आग्रह किया है। गौरतलब है कि वर्तमान में तीन माह का एकमुश्त राशन वितरण करने की समय-सीमा 30 जून तक निर्धारित है।

पत्र में कहा गया है कि भारत सरकार के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में माह जून, 2025 से अगस्त, 2025 तक के 03 माह का खाद्यान्न राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अंतर्गत जारी 56.78 लाख राशनकार्डधारी परिवारों को तथा छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम, 2012 के अंतर्गत जारी 24.44 लाख राज्य पूल के राशनकार्डधारी परिवारों को भी माह जून से अगस्त 2025 तक के 03 माह का खाद्यान्न एकमुश्त रूप से चालू माह जून में वितरित किया जा रहा है।

**आ रही है ये दिक्कत**

पत्र में कहा गया है कि माह जून में 03 माह के एकमुश्त चावल के भण्डारण एवं वितरण का कार्य राशनकार्डधारी परिवारों को केन्द्रीय पूल एवं राज्य पूल के 03 माह के खाद्यान्न के वितरण हेतु प्रति हितग्राही 06 बायोमैट्रिक ट्रान्जेक्शन के आधार पर कुल 3.41 करोड़ बायोमैट्रिक प्रमाणीकरणयुक्त ट्रान्जेक्शन राज्य भर में होने हैं, जो कि बहुत अधिक संख्या में है।

#### 50 प्रतिशत दुकानों में मशीन की समस्या भी

इसी तरह यूआईडीएआई के निर्देशानुसार 7000 एल-0 बायोमेट्रिक ई-पॉस मशीन को अपग्रेड करने का कार्य भी समानांतर रूप से प्रचलित है। राज्य में लगभग 50 प्रतिशत दुकानों में एल-0 मशीन डिस्कंटीन्यू कर दिए गए हैं। साथ ही माह मई 2025 में असामयिक रूप से हुई वर्षा से 03 माह के खाद्यान्न का अग्रिम भण्डारण भी प्रभावित हुआ है। उचित मूल्य दुकानो में 03 माह के खाद्यान्न के भण्डारण की व्यवस्था के साथ-साथ इन महीनों के खाद्यान्न का तौल कर वितरण में भी अतिरिक्त समय लग रहा है। उपरोक्त दृष्टिगत रखते हुए राज्य हेतु माह जून से अगस्त 2025 के खाद्यान्न के भण्डारण की समय-सीमा 23 जून 2025 तक तथा हितग्राहियों को राशन वितरण की समय-सीमा में 20 जुलाई, 2025 तक वृद्धि करने का अनुरोध किया गया है।

# पायलट ने कहा- छग में कानून व्यवस्था लचर, यहां सब दिल्ली से तय होता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने कहा है कि प्रदेश की कानून व्यवस्था लचर हो गई है। ऐसा लगता है कि यहां दिल्ली से सब कुछ मैनेज हो रहा, रायपुर का नियंत्रण कम है। जिन्हें शासन चलाने के लिए जनता से आशीर्वाद मिला है, वो भी हर निर्णय में दिल्ली पर निर्भर हैं। उन्होंने कहा, नक्सल विरोधी अभियान पारदर्शी तरीके से प्रभावी ढंग से चलाए जाने चाहिए और इसका राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हाल ही में दिए गए बयान के बारे में पूछे जाने पर कि बरसात के मौसम में भी नक्सल विरोधी अभियान जारी रहेंगे, पायलट ने कहा, कांग्रेस हमेशा हिंसा और उग्रवादियों के खिलाफ रही है। हमारे नेताओं ने इस देश और राज्य को सुरक्षित रखने के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है।

छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर पहुंचे। उन्होंने संवाददाताओं से चर्चा में कहा, जो भी प्रभावी कार्रवाई की जानी है, वह की जानी चाहिए। यह आंतरिक सुरक्षा का मामला है, इस पर किसी को राजनीति नहीं करनी चाहिए, जो भी कार्रवाई की जाए, वह सभी को विश्वास में लेकर की जाए। उन्होंने कहा, नक्सलियों के खिलाफ प्रभावी, पारदर्शी कार्रवाई होनी चाहिए और इसका कोई राजनीतिक रंग नहीं होना चाहिए। पायलट ने कहा, सभी को न केवल छत्तीसगढ़ में, बल्कि अन्य राज्यों में भी नक्सलवाद को खत्म करने के लिए एक साथ आना चाहिए, जो इस समस्या से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा, बहुत विचार-विमर्श के बाद सख्त कदम उठाए जाने चाहिए।

#### पायलट ने ली कांग्रेस विधायक दल की बैठक

प्रदेश कांग्रेस विधायक दल की बैठक में आगामी मानसून सत्र की तैयारियों और सरकार के खिलाफ लाए जाने वाले मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट ने विधायकों से कहा कि वे अपने क्षेत्र के अलावा सरकार के खिलाफ सामने आए मुद्दों के जरिए पार्टी का पक्ष मजबूती से रखें। बताया गया है कि खाद, बीज की कमी, अवैध शराब बिक्री, युक्तियुक्तकरण से स्कूलों की बंद, बिगड़ती कानून व्यवस्था, धान की खराबी जैसे मुद्दों पर आने वाले समय में सरकार के खिलाफ उठाने कांग्रेस विधायकों को एकजूटता दिखाने पर जोर दिया गया। विधायकों से कहा गया है कि आत जनता के बीच यी मैसेज जाए कि विपक्ष अपनी ओर से सरकार के कामकाज की वास्तविकता प्रस्तुत कर रही है। इन मामलों में विशेष तौर पर सभी तथ्यों के आधार पर सरकार को कटघरे में खड़ा किया जाए। यहां पर अपराध की स्थिति और स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो रहे कार्यो की ओर ध्यान देने कहा गया।

# प्राक्कलन समिति के 75 वर्ष पूरे, मुंबई के सम्मेलन में शामिल हुए चंद्राकर

#### छत्तीसगढ़ विधानसभा में अधिक से अधिक बैठकें हो रही



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

संसद एवं राज्य विधान मंडलों की प्राक्कलन समिति के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में लोक सभा, राज्य सभा एवं राज्य विधान मंडलों की प्राक्कलन समिति के सभापतियों का सम्मेलन मुंबई में आयोजित किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ लोक सभा अध्यक्ष ओम प्रकाश बिड़ला एवं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस ने किया। सम्मेलन में छत्तीसगढ़ विधान सभा की प्राक्कलन समिति के सभापति अजय चंद्राकर एवं सदस्य राजेश मूणत, भोलाराम साहू, कुंवर सिंह निषाद एवं विधान सभा सचिव दिनेश शर्मा भी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ विधान सभा की प्राक्कलन समिति के अध्यक्ष अजय चंद्रकार ने कहा, कोई भी संसद विधान मंडल अपना कार्य स्वयं पूर्ण नहीं कर सकते। संसद-विधान मंडल अपना कार्य समितियों के माध्यम से करते हैं, भारत में समिति पद्धति का प्रारंभ सन-1854 में हुआ है। हमारे देश में 1912 में सर्वप्रथम प्राक्कलन समिति का गठन किया गया था। उन्होंने कहा, प्राक्कलन समिति विभिन्न अनुभागों से प्राप्त प्रस्तावों की जॉच करते हुए उनके आवश्यक वित्तीय प्रावधानों की अनुशंसा करती है। समिति साथ ही यह सुनिश्चित करती है कि कोई भी योजना पूर्वानुमान के बिना क्रियान्वित न हो, उन्होंने कहा, प्राक्कलन समिति वित्तीय अनिमितताओं की रोकथाम में एक प्रभावशाली भूमिका निभाती है ।



#### हर रुपए का सही उपयोग, हर योजना का सही मूल्यांकन ही अच्छे शासन की नींव : बृजमोहन

रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में सोमवार को मुंबई में महाराष्ट्र विधानसभा में आयोजित संसद और राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों की विधानमंडलीय निकायों की प्राक्कलन समितियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में सहभागिता की। प्रशासन में दक्षता और मितव्ययिता सुनिश्चित करने हेतु बजट प्राक्कलनों की प्रभावी निगरानी और समीक्षा में प्राक्कलन समिति की भूमिका विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में देशभर से सांसद, विधायकों और विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। श्री अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा, हर रुपए का सही उपयोग और हर योजना का सही मूल्यांकन, यही अच्छे शासन की नींव है। यह सम्मेलन उसी दिशा में एक ठोस कदम है। श्री अग्रवाल ने कहा, यह राष्ट्रीय सम्मेलन बजट के प्रभावी उपयोग, पारदर्शिता तथा जवाबदेही को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया, समिति सदस्यों और विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों के साथ हुई सार्थक चर्चा में प्रशासनिक प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के सुझाव साझा किए गए। श्री अग्रवाल ने यह भी कहा, ऐसी बैठकें न केवल केंद्र और राज्यों के बीच समन्वय को मजबूत करती हैं, बल्कि शासन में आर्थिक अनुशासन, जनहित की योजनाओं की गुणवत्तापूर्ण निगरानी और संसाधनों के कुशल उपयोग को सुनिश्चित करने में भी मदद करती हैं।

### किरण देव की नई कार्यकारिणी को लेकर अगले माह से प्रारंभ होगी कवायद

# प्रदेश भाजपा संगठन में नए चेहरों को मिलेंगे महामंत्री के पद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष किरण देव की नई कार्यकारिणी की कवायद अब तक प्रारंभ नहीं हो सकी है। संभावना है कि अगले माह कार्यकारिणी को लेकर कवायद होगी। यह तय है कार्यकारिणी में बड़ा बदलाव होगा। इसमें सबसे अहम महामंत्रियों के पदों पर सबकी नजरें हैं। एक महामंत्री जगदीश रामू रोहरा जहां धमतरी के महापौर बन गए हैं, वहीं एक महामंत्री संजय श्रीवास्तव को नान का अध्यक्ष बना दिया गया है। दो और महामंत्रियों को उपाध्यक्ष बनाए जाने की संभावना है। ऐसे में महामंत्री के चारों पदों पर नए चेहरों को मौका मिल सकता है। इसको लेकर कई नेता प्रयास में भी लग गए हैं। किरण देव को अध्यक्ष की कमान संभाले हुए पांच माह हो गए हैं, लेकिन अब तक उनकी नई कार्यकारिणी का ऐलान नहीं हो सका है।

इसमें सबसे बड़ा बाधा यह है कि अब तक मंडलों और जिलों की कार्यकारिणी नहीं बन सकी है। इसके बाद प्रदेश की कार्यकारिणी बनेगी। प्रदेश की नई कार्यकारिणी के साथ ही भाजपा के सात मोर्चा के नए अध्यक्षों का भी ऐलान होगा। प्रदेश भाजपा की कार्यकारिणी में भी थोक में नए चेहरों को मौका मिलना तय है। प्रदेश सरकार के निगम, मंडल, आयोग और बोर्ड में प्रदेश संगठन के 20 पदाधिकारियों को पद मिल चुके हैं। अब इनके स्थान पर नए चेहरों को मौका दिया जाएगा।

#### होगा अहम बदलाव

किरण देव की नई कार्यकारिणी में कई बदलाव होने तय हैं। एक उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव राजनांदगांव के महापौर बने हैं। इसी के साथ 20 पदाधिकारियों को निगम, मंडल आयोग में स्थान मिला है। निगम, मंडल की तीसरी सूची में भी कई पदाधिकारियों को पद मिलेंगे। इसके बाद इनके स्थान पर नए चेहरों को रखा जाएगा। मोर्चा के अध्यक्षों में जहां महिला मोर्चा की अध्यक्ष शालिनी राजपूत को छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष बनाया गया है। विकास मरकाम को भी आयोग में स्थान मिला है। इसी के साथ किसान मोर्चा के अध्यक्ष तोखन साहू केंद्रीय मंत्री बन चुके हैं। इसके स्थान पर भी नए चेहरों को मौका मिलेगा। प्रदेश संगठन की नई कार्यकारिणी का अनुमोदन राष्ट्रीय संगठन से लेना पड़ता है। ऐसे में संभावना यही जताई जा रही है कि भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के बाद ही कार्यकारिणी बनाकर उसको अनुमोदन के लिए राष्ट्रीय संगठन को भेजा जाएगा।

# मध्य क्षेत्रीय विकास परिषद की बैठक में शामिल होंगे सीएम साय, गृहमंत्री शाह के साथ रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को अपना 2 दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरा पूरा कर वाराणसी रवाना हो गए। उनके साथ ही छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी वाराणसी रवाना हुए। सीएम साय ने अपने दौरे को लेकर संवाददाताओं से चर्चा में बताया कि वे वाराणसी में 24 जून को मध्य क्षेत्रीय विकास परिषद की बैठक में शामिल होंगे। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री शाह करेंगे।

वहीं केंद्रीय गृह मंत्री शाह के छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर सीएम साय ने कहा, गृह मंत्री का 2 दिवसीय प्रवास था, इस दौरान उन्होंने नक्सल प्रभावित प्रदेश की बैठक ली, जिसमें नक्सलवाद पर विस्तार से समीक्षा की गई।



नारायणपुर के कैंप में उनका दौरा था। लोगों से मुलाकात करनी थी, लेकिन मौसम के चलते दौरा रद्द हो गया। उन्होंने आगे बताया कि बस्तर में कई बड़े ऑपरेशन चले हैं। नक्सली हेड बसव राजू को ढेर किया गया था। एंटी नक्सल ऑपरेशन में शामिल जवानों से केंद्रीय मंत्री शाह ने मुलाकात की है।

**विमानतल पर भाजपा नेता मिले**

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह अपने दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास के बाद सोमवार की अपराह्न रायपुर से रवाना हुए। विमानतल पर श्री शाह से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, भूपेंद्र सवन्नी, महामंत्री संजय श्रीवास्तव, जगदीश (रामू) रोहरा, रामजी भारती, कोषाध्यक्ष नंदन जैन, प्रदेश प्रदेश कार्यालय प्रभारी नरेशचंद्र गुप्ता,प्रदेश मंत्री किशोर महानंद, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल, जिलाध्यक्ष रायपुर शहर रमेश ठाकुर, जिलाध्यक्ष रायपुर ग्रामीण श्याम नारंग, पूर्व जिला अध्यक्ष जयंती पटेल, भाजपा नेता हरपाल सिंह भामरा, प्रीतेश गांधी, आकाश विग ने भेंट की।

## खबर संक्षेप

### लायंस क्लब के नए पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

रायपुर। सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में रविवार को लायंस क्लब रायपुर शिखर का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। इसी दौरान रीजन चेयरमैन लॉयन जीआर वाधवानी ने नए पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। यह शपथ क्लब के अध्यक्ष लायन उषा शर्मा, सचिव लॉयन कंचन पुसदकर, कोषाध्यक्ष लॉयन लक्ष्मी गुप्ता, पृथम उपाध्याय, राधा वर्मा द्वितीय उपाध्यक्ष, पम्मी रोकड़िया तृतीय उपाध्यक्ष, शैली दुबे सहसचिव, मंजू सरावगी सहित संचालक मंडल के समस्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इस मौके पर क्लब की चार्टर प्रेसिडेंट सरोज पांडेय ने बताया कि प्रत्येक वर्ष क्लब की नई टीम का गठन किया जाता है।

### एमिटी इंटरनेशनल स्कूल में मनाया योग दिवस

रायपुर। एमिटी इंटरनेशनल स्कूल में तीन महत्वपूर्ण अवसरों का समवेत रूप से भव्य आयोजन किया गया। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, विश्व संगीत दिवस और इनवेस्टिचर सेरेमनी (पदभार ग्रहण समारोह) हुआ। योग दिवस पर विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक तथा नेतृत्व कौशल को विकसित करने की दिशा में एक सशक्त प्रयास साबित हुआ। इस विशेष अवसर पर आयोजित इनवेस्टिचर सेरेमनी के मुख्य अतिथि राकेश बघेल रहे, जो माना पुलिस ट्रेनिंग स्कूल में पदस्थ हैं। विद्यार्थियों ने पूर्ण अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ अपने-अपने पदों का दायित्व ग्रहण किया तथा अपने कर्तव्यों के प्रति ईमानदारी और समर्पण की शपथ ली।

## पेज 09 के शेष

### लोकतंत्र का सबसे ...

इसके बाद सत्ता बचाने की हताशा में आपातकाल लागू किया गया। प्रेस वार्ता में डॉ. सनम जांगड़े, डॉ. अजय राव, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, टेसूलाल धुरंधर, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, कृष्णा अवस्थी, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केसरवानी, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुलोचना यादव, नीलम सोनी, पुनीराम पटेल, पूर्व न.प. अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, सविता यादव, रितेश श्रीवास्तव, राजकुमार जायसवाल, मणिकांत मिश्रा, योगेश वर्मा, रवि वर्मा, मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव, राहुल सोनी, मंडल महामंत्री संजय श्रीवास, प्रणम्य पांडेय, वेदांत रजक, लोकनाथ जायसवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## निधन

### गजेंद्र कुमार वर्मा



खरोरा। ग्राम पंचायत देवरी विकासखंड तिल्दा निवासी 41 वर्षीय गजेंद्र कुमार वर्मा का 24 जून को निधन हो गया। गजेंद्र कुमार वर्मा देवरी निवासी थे और योगेश्वरी के भाई तथा अश्विनी कुमार वर्मा के साले थे। स्व. गजेंद्र कुमार वर्मा समाज के एक सक्रिय युवा संगठन से जुड़े समाजसेवी थे। उनके निधन से अंचल में शोक है। गोमती वर्मा, ईश्वरी वर्मा, दीपक वर्मा, पुष्पा वर्मा, रेनू वर्मा, समस्त ग्रामवासी श्रद्धांजलि में उपस्थित हुए।

# स्लम बस्तियों के व्यवस्थापन के लिए निगम ने सुरक्षित रखे 600 आवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- व्यवस्थापन प्रभावितों के शिफ्टिंग के लिए प्रबंध

नगर निगम ने झुग्गी बस्ती व्यवस्थापन के तहत प्रभावित लोगों के लिए 600 ईडब्लूएस फ्लैट को सुरक्षित रखा है। इसमें शासन की योजना के तहत लाए जाने वाले प्रोजेक्ट से प्रभावित झुग्गी बस्ती प्रभावितों को ये फ्लैट पात्रता के आधार पर व्यवस्थापन के तहत उपलब्ध कराये जाएंगे। पूर्व में इन आवासों को प्रधानमंत्री आवास योजना में किरायेदारों के लिए किफायती आवास की योजना के तहत विक्रय किया जा रहा था, पर अब किरायेदारों के लिए किफायती आवास योजना के स्थान पर इसे स्लम बस्ती में रहने वालों के लिए व्यवस्थापन की दशा में सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने रिक्त रखा गया है।

झुग्गी बस्ती के रहवासियों के व्यवस्थापन को ध्यान में रखकर नगर निगम ने प्रधानमंत्री आवास योजना में एएचपी के रिक्त 600 आवासों को सुरक्षित रखा है। सूत्रों के मुताबिक इसके तहत वाल्मिकी आवास कोटा, काशीरामनगर, दुर्गानगर स्लम बस्ती का व्यवस्थापन प्रस्तावित है। नगर निगम सीमा क्षेत्र स्थित कोटा में निर्मित वाल्मिकी आवास योजना के तहत निर्मित आवास काफी पुराने और जर्जर हालत में होने के कारण यहां रहने वाले प्रभावित परिवारों को हीरापुर, कबीरनगर, वाल्मिकी नगर और डीकेएस परिसर में तैयार पक्के ईडब्लूएस फ्लैट में व्यवस्थापित किया जायेगा, ताकि उन्हें पक्का एवं सुरक्षित आवास मिल सके।

## किराएदारों के लिए किफायती आवास योजना पर ब्रेक

### काशीराम नगर के रहवासियों का मठपुरैना में व्यवस्थापन

नगर निगम द्वारा काशीरामनगर बस्ती के प्रभावितों को सर्वे के आधार पर मठपुरैना में स्थित पक्के आवास में व्यवस्थापन के तहत सुरक्षित व पक्का आवास उपलब्ध कराया जायेगा, ताकि उन्हें परिवार के साथ इधर-उधर भटकने की नौबत ना आए। स्लम बस्ती व्यवस्थापन की योजना के तहत राजधानी के दुर्गानगर के रहवासियों को कचना में व्यवस्थापन के तहत 130 पक्के ईडब्लूएस आवास आवंटन नियम अनुसार कराने की योजना है।



### पात्रता के आधार पर आवास देंगे

निगम के प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक कोटा के वाल्मिकी आवास में रहने वाले प्रभावित परिवारों के लिए हीरापुर में 348 पक्के आवास, कबीर नगर में 174 आवास और वाल्मिकी नगर में 87 ईडब्लूएस फ्लैट का निर्माण कराया जा रहा है, जबकि डीकेएस परिसर के पास 29 ईडब्लूएस फ्लैट बनकर तैयार हैं। यानी आने वाले समय में वाल्मिकी आवास कोटा के 638 पात्र परिवार को इन अलग-अलग लोकेशन पर व्यवस्थापन के सुरक्षित व पक्के आवास पात्रता के आधार उपलब्ध कराया जाएगा।

## कलेक्टर के आदेश की अवहेलना कर रहे हैं पुलिसकर्मी

# कलेक्टोरेट में बगैर हेलमेट एंट्री पर प्रतिबंध ट्रैफिक-पुलिसकर्मी ही तोड़ रहे नियम





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जिला कलेक्टोरेट में बगैर हेलमेट दोपहिया वाहन एवं बगैर सीट बेल्ट लगाए चारपहिया वाहन को प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस प्रतिबंध का पालन कराने के लिए कलेक्टोरेट के मुख्य गेट पास ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की हर दिन ड्यूटी भी लगाई गई है, लेकिन इस ड्यूटी के दौरान स्वयं ट्रैफिक पुलिस कर्मी ही नियम को तोड़ रहे हैं। पुलिस कर्मी बगैर हेलमेट लगाए अपने दोपहिया वाहन से कलेक्टोरेट में प्रवेश कर रहे हैं, वहीं दूसरे पुलिस कर्मियों को भी एंट्री दे रहे हैं। यही नहीं, कई परिचित एवं पहचान वाले लोगों को भी एंट्री दी जा रही है। इस दौरान ऐसे कई लोगों से पुलिस कर्मी उलझ भी रहे हैं, जो दूसरों को बगैर हेलमेट पहने वाहन चालक को अंदर जाते देखकर उनसे पूछ रहे हैं कि उन लोगों को अंदर जाने क्यों दिया।

### कलेक्टर के आदेश की अवहेलना

कलेक्टर के स्पष्ट निर्देश हैं कि कलेक्टोरेट परिसर में हेलमेट पहने और सीट बेल्ट लगाए वाहन को ही एंट्री दी जाए, लेकिन गेट पर बैठे पुलिस कर्मी भेदभाव करते हुए एवं मनमाने रूप से अपने परिचित एवं चेहरा देखकर लोगों को बगैर हेलमेट और सीट बेल्ट लगाए प्रवेश दे रहे हैं। इस तरह ट्रैफिक पुलिस कर्मी ही कलेक्टर के आदेश की अवहेलना कर रहे हैं।

### परिचित व चेहरा देखकर जाने दे रहे

कलेक्टोरेट गेट के पास बैठे ट्रैफिक पुलिस कर्मियों द्वारा हर दिन यहां कई दोपहिया वाहन चालकों के साथ उलझ रहे हैं। सोमवार को यहां तैनात ट्रैफिक कर्मी द्वारा बगैर हेलमेट लगाए लोगों को रोककर उन्हें मल्टीलेवल पार्किंग में वाहन पार्क करने के लिए कहा जा रहा था। इस दौरान कुछ वाहन चालकों के साथ पुलिस कर्मियों ने कलेक्टर के आदेश का हवाला तथा अपनी वर्दी का धौंस दिखाकर उनसे उलझ भी गए, लेकिन इसी बीच कुछ ट्रैफिक पुलिस के अलावा अन्य कुछ लोग बगैर हेलमेट के कलेक्टोरेट परिसर में प्रवेश कर गए। इन्हें रोकने का प्रयास भी नहीं किया गया। इस बात पर एक वाहन चालक ने ट्रैफिक कर्मी से पूछा भी कि उन लोगों को बगैर हेलमेट जाने क्यों दिया, इस पर वह अपनी वर्दी का धौंस दिखाने लगा और कहा कि तुम अपना काम करो, मुझे मत सिखाओ क्या करना है।

# मालवीय रोड, गोलबाजार में वीडियोग्राफी, कब्जाधारी दुकानदारों पर निगम की चालानी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- टीम प्रहरी ने चलाया अभियान 1 लाख 3 हजार रुपए का चालान

शहर के प्रमुख मार्गों की सड़कों पर अवैध कब्जा जमाकर व्यवसाय करने वाले दुकानदारों के खिलाफ नगर निगम ने एक्शन लिया है। सोमवार को निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर टीम प्रहरी ने मालवीय रोड, गोलबाजार, बैजनाथ पारा मुख्य मार्ग पर वीडियोग्राफी करवाकर सड़क पर अवैध कब्जा जमाकर

व्यवसाय कर रहे दुकानदारों पर चालानी कार्रवाई करते हुए 1 लाख 3 हजार रुपये का जुर्माना वसूला।

शहर के मुख्य मार्गो को अवैध कब्जों से मुक्त कराकर सुगम आवागम उपलब्ध कराने नगर निगम पुलिस विभाग और जिला प्रशासन के साथ मिलकर संयुक्त अभियान चला रहा है। टीम प्रहरी अभियान के अंतर्गत सोमवार को नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़न दस्ता टीम द्वारा नगर निवेशक आभाष मिश्रा के मार्गदर्शन में शहर के मालवीय मार्ग में जयस्तम्भ चौक से सिटी कोतवाली चौक होकर गोलबाजार, बैजनाथपारा मुख्य मार्ग में वीडियौग्राफी करवायी गयी। इस दौरान सड़क पर अवैध कब्जा जमाकर व्यवसाय कर रहे दुकानदारों पर 1000 रुपये से 5000 रुपये तक की चालानी कार्रवाई की गयी।

नगर निवेशक आभाष मिश्रा ने बताया कि टीम प्रहरी का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### मुख्य मार्गो से अवैध बैनर-पोस्टर हटाए

नगर निवेश मुख्यालय उड़न दस्ता और जोन नगर निवेश विभाग की टीमों द्वारा अभियान चलाकर विधानसभा मार्ग, शंकर नगर मुख्य मार्ग, संतोषी नगर मार्ग, जोन 4 क्षेत्र के विभिन्न मार्गो सहित भिन्न प्रमुख मार्गो में स्ट्रीट पोल, मार्ग विभाजकों, चौराहों से अवैध बैनर-पोस्टर हटाने कार्यवाही की गयी।

## बिजनेस साइट

# शहर में टाटा कमर्शियल व्हीकल शोरूम का शुभारंभ



- जयका ऑटोमोबाइल्स में ग्राहकों को अब बिक्री, सर्विस और स्पेयर पार्ट्स की मिलेगी एक ही छत के नीचे सुविधा

बलौदाबाजार। छत्तीसगढ़ में टाटा मोटर्स कमर्शियल वाहनों के सबसे पुराने और विश्वसनीय डीलर जयका ऑटोमोबाइल्स एंड फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड ने बलौदाबाजार में अपने नए शोरूम की शुरुआत कर दी है। यह शोरूम लवन-संकरी बायपास स्थित मगरचबा गांव में, विनायक फ्यूल्स के पास खोला गया है। 23 जून की शाम को भव्य उद्घाटन समारोह के साथ इस डीलरशिप का शुभारंभ किया गया।

नव-निर्मित शोरूम में टाटा कमर्शियल व्हीकल्स की बिक्री, सेवा और स्पेयर पार्ट्स यानी कि '3S' सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे स्थानीय ग्राहकों और ट्रांसपोर्टरों को अब राजधानी रायपुर तक जाने की आवश्यकता नहीं होगी। शुभारंभ समारोह का दीप प्रज्वलन एवं फीता काटकर उद्घाटन जयका ग्रुप के डायरेक्टर रोहित काले एवं रश्मि काले के सुपुत्र कौस्तुभ काले, टाटा मोटर्स के रीजनल मैनेजर समीर भर्ने ने संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पर टाटा मोटर्स के एरिया मैनेजर सीतेश पांडे, स्टेट हेड सर्विस कनिष्क सोनी एवं जयका ऑटोमोबाइल्स के सीनियर जीएम सेल्स सुशील त्रिपाठी भी उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत बाल कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सुंदर गणेश वंदना से हुई, जिसके पश्चात दर्शकों ने एक संगीतमय बालीवुड संगीत संध्या का आनंद लिया। उद्घाटन अवसर पर कौस्तुभ काले ने जयका ग्रुप की 70 वर्षों की गौरवशाली यात्रा को याद करते हुए सभी ग्राहकों, टाटा मोटर्स के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि बलौदाबाजार के इस शोरूम के माध्यम से क्षेत्रीय ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण सेवा और सुविधा मिलेगी।

# जोन 2 दफ्तर के सामने जल संकट के विरोध में मटका फोड़ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहीद हेमूकालाणी वार्ड की गंगानगर और दुर्गानगर बस्ती में जलसंकट को लेकर रहवासियों ने सोमवार को जोन 2 दफ्तर जाकर मटको फोड़ प्रदर्शन किया। पलाश मल्होत्रा के नेतृत्व में जोन कमिश्नर को पेयजल संकट से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा गया। नागरिकों का कहना है कि पानी की समस्या से निगम के अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। बारिश के सीजन में पीने के पानी के लिए उन्हें भटकना पड़ रहा है। इसी तरह वार्ड में सफाई की लचर व्यवस्था के खिलाफ जोन दफ्तर के सामने जमकर प्रदर्शन किया।

नगर निगम जोन 2 क्षेत्र स्थित गंगानगर और दुर्गानगर में पेयजल संकट की समस्या से रहवासी त्रस्त हैं। सोमवार को रायपुर उत्तर विधानसभा अध्यक्ष पलाश मल्होत्रा के नेतृत्व में शहीद हेमूकालाणी वार्ड में पेयजल संकट और सफाई की लचर व्यवस्था का विरोध करने प्रभावित रहवासी फाफाडीह स्थित जोन 2 दफ्तर पहुंचे। जोन कार्यालय के सामने पहले उन्होंने मटका फोड़ प्रदर्शन कर निगम के अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया। बाद जोन कमिश्नर के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वार्ड में सफाई कार्य के लिए 38 सफाई कर्मचारियों का ठेका हुआ है पर अनुबंधित ठेकेदार निर्धारित संख्या से कम कर्मचारी रखकर सफाई में कोताही बरत रहा है। जोन कमिश्नर को इस बारे में अवगत कराया था, पर उन्होंने ध्यान नहीं दिया। इसके चलते वार्ड की सफाई व्यवस्था लचर बनी हुई है। ज्ञापन सौंपने वालों में युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव आसिफ खान, जिला सचिव रफीक शेख, आनंद सोना, विधानसभा महासचिव अनीस खान, लखन सागर, दादू निषाद, आयुष, हिमांशु दीवान सहित अन्य नागरिक शामिल रहे।



### वार्ड पार्षद का व्यू

सफाई व्यवस्था में कोताही को लेकर जोन कमिश्नर से कहा है सफाई ठेका बदल दिया जाये और सफाई कर्मचारियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित हो। पानी की समस्या दूर करने गंगानगर में पाइप लाइन बिछाने का प्रस्ताव भेजा गया था। स्वीकृति मिलने के बाद पाइप लाइन बिछाने का काम चल रहा है।

**- कृतिका जैन**, पार्षद, शहीद हेमू कालाणी वार्ड

### प्राइवेट स्कूल-कालेजों के टीचर्स को ट्रेनिंग दिलाएगी एससीईआरटी

रायपुर। एससीईआरटी अब शासकीय के साथ निजी स्कूल और कालेजों के शिक्षकों को बच्चों को पढ़ाने के तरीके सहित विभिन्न बिंदुओं पर ट्रेनिंग दिलाएगी। निजी शिक्षण संस्थाओं के शिक्षकों को प्रशिक्षण देने की यह प्रक्रिया पहली बार प्रदेश में पूरी की जाएगी। इसके लिए एससीईआरटी ने समिति का गठन किया है, जो ट्रेनिंग से संबंधित कार्ययोजना तैयार करेगी।छत्तीसगढ़ प्रायवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन एवं एसोसिएशन आफ प्राइवेट प्रोफेशनल अनएडेड कॉलेजेस ऑफ छत्तीसगढ़ द्वारा निजी शिक्षण संस्थानों के करीब एक लाख शिक्षकों को ट्रेनिंग देने का निवेदन किया था। संचालक एससीईआरटी ने इस पर सहमति दी और ट्रेनिंग को लेकर वृहद योजना तैयार करने कमेटी का गठन किया है। कमेटी के अध्यक्ष अतिरिक्त संचालक एससीईआरटी जेपी रथ होंगे। सदस्यों में सहायक प्राध्यापक सुशील राठौर, डॉ. बी. रघु, व्याख्याता हेमंत कुमार साव, पुष्पा चंद्रा, प्रधान अध्यापक डेकेश्वर प्रसाद वर्मा के साथ एसोसिएशन ऑफ प्रायवेट इंस्टिट्यूट के राजीव गुप्ता को शामिल किया गया है। यह कमेटी ट्रेनिंग के बिंदुओं से लेकर विशेषज्ञों के चयन से लेकर अन्य आवश्यकताओं का खाका तैयार करेगी।

## 10वीं के प्रथम पांच बच्चों को सम्मान राशि दी गई

# संकुल स्तरीय प्रवेश उत्सव में छात्रों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी



विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल साराडीह में संकुल स्तरीय प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 6 से 14 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों, जो पहली, छठवीं और नवमीं कक्षा में प्रवेश ले रहे हैं, उनका स्वागत विशेष रूप से किया गया।

शासन की ओर से विद्यार्थियों को निःशुल्क गणवेश, पुस्तकें और मिठाई वितरित की गई, जिससे बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह और लगाव बढ़े। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य महेंद्र, मोनू साहू ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा, बच्चे ही देश की नींव होते हैं। जब वे पढ़-लिखकर आगे बढ़ते हैं तो सिर्फ परिवार ही नहीं, पूरा समाज और राष्ट्र गौरवान्वित होता है। पूर्व जनपद उपाध्यक्ष मनोज आडिल ने कहा, प्रवेश उत्सव का उद्देश्य है कि हर बच्चा स्कूल से जुड़े और शिक्षा से वंचित न रहे। हम हर बच्चे तक पहुंच बनाकर उन्हें शिक्षित करने का संकल्प दोहराते हैं। ग्राम साराडीह के सरपंच झुमुक लाल साहू ने शिक्षा के महत्व को बतलाते हुये पालको से आग्रह किया कि वे बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजे। प्राचार्य राजकुमार साहू ने कहा विद्यालय का प्रयास रहेगा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों का सर्वांगीण विकास हो। हम हर विद्यार्थी को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शिक्षाविद दानीराम टंडन के द्वारा कक्षा 10वीं के प्रथम पांच बच्चों को सम्मान राशि दी गई। उनका विचार है कि शिक्षा हर बच्चों का अधिकार है और उसे मिलना चाहिए। संकुल समन्वयक मनोज गायकवाड़ ने कहा कि अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। इस आयोजन में शाला विकास समिति अध्यक्ष हेमलाल साहू, पदुम साहू, सत्यवेद ध्रुव, संतोषी ध्रुव, बिना साहू, हेमलाल ध्रुव, संजू साहू, डोमार साहू, खिलेश्वर साहू, दानी टंडन, मोनिका साहू, शिक्षक छन्नू लाल ध्रुव, हीरालाल वर्मा, लखन लाल वर्मा, सरोज साहू, नंदिनी घृतलहरे, पुनीत सेन, रजनी बंजारे, भूमिका वर्मा, अंजुलता पाठक, सुरेश कुमार बंजारे, भूषण लाल साहू, रमेश तुरकाने, चंद्रकांत ध्रुव, मोतीलाल ध्रुव, भेखराम साहू, वर्षा वर्मा, सहोद्रा वर्मा,मोहन गायकवाड़,चिंता राम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, शिक्षक व अभिभावक उपस्थित रहे।

### पहंदा स्कूल में मना प्रवेशोत्सव, स्कूल परिसर में रोपे गए पौधे

पलारी। नगर से सटे ग्राम पहंदा के प्राथमिक शाला में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया, जहां बच्चों का तिलक लगाकर और मूंह मिठा कराकर स्वागत किया गया। इस दौरान अथितियों ने बच्चों को नियमित पाठशाला आने के लिए प्रेरित किया, जिससे आप ज्ञान प्राप्त कर जिम्मेदार नागरिक बन सके तथा श्रेष्ठ भारत के निर्माण में आपका योगदान हो। इस मौके पर सहायक शिक्षक शैलेन्द्र कुमार देवांगन का युक्तिकरण के कारण अन्य विकासखंड स्थानांतरण होने के कारण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देवांगन द्वारा अशोक का पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर न्योता भोज का आयोजन प्रधान पाठिका द्वारा किया गया, जिसमें छात्रों को खीर पूरी परोसी गई। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच, उप सरपंच, पंचगण, पालक एवं समस्त शाला परिवार उपस्थित थे।


### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती गीता सोनवानी पति गणेश राम नवरंग निवासी पेंशनबाड़ा रायपुर (छ.ग.) के द्वारा विक्रेता दुलचंद पिता फतेलाल निवासी दोंदेकला रायपुर (छ.ग.) से उनके हक, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जिसका ख.नं. 21/5 रकबा 2.023 हेक्टेयर जो कि वाके मौजा ग्राम रसौटा, प.ह.नं. 26 रा.नि.मं. पलारी, तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) में स्थित है। उक्त भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा किया है और प्रतिफल को अग्रिम राशि भी अदा कर दिया है, केवल विक्रय पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

मेरे पक्षकार के उक्त संव्यवहार से व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय संस्थ, बोर्ड, निगम, वित्तीय संस्था, बैंक फर्म सोसायटी आदि किसी को कोई दावा-आपत्ति या उजर हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 7 दिनों के भीतर मय दस्तावेज आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें, बाद म्याद की गई कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर मान्य एवं बंधनकारी नहीं होगा। उक्त संबंध में की गई कोई भी आपत्ति मात्र खण्डन के प्रकाशन से अवैध एवं शून्य नहीं समक्षा व माना जावेगा। सो सूचना जानें।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक - 24.06.2025

तामेश्वर वर्मा (अधिवक्ता)
जिला न्यायालय परिसर
बलौदाबाजार छ.ग.
मो.नं. 9826788262

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ. ग.)

:: उद्घोषणा ::

रा.मा.क्र. अ / 2 वर्ष 2024-2025
ग्राम बटगन प.ह.नं. 20 तहसील पलारी
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम बटगन प.ह.नं. 20 तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को सूचित किया जाता है कि आवेदिका उत्तरीबाई पति श्यामरतन कुर्रे जाति सतनामी निवासी ग्राम बटगन प.ह.नं. 20 तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा मौजा ग्राम बटगन प.ह.नं. 20 तहसील पलारी स्थित भूमि खसरा नं. 948/3 रकबा 0.178 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदिका द्वारा उक्त भूमि को औद्योगिक प्रयोजन (ब्रिक्स) के लिये छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत व्यपवर्तित कर छ.ग. भू. रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-01, पी-02 खसरा नक्शा ब्लू-प्रिन्ट सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदित भूमि के संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त आवेदित भूमि को औद्योगिक प्रयोजन (ब्रिक्स) हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा/आपत्ति यदि कोई हो तो पेशी दिनांक 30/06/2025 को मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्तिया प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 09/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
(रा.), पलारी

# पाइप लाइन डालने ठेकेदार ने डेढ़ साल पहले खोदी सड़क, वैसे ही छोड़ दी

## सड़क पर कीचड़, बरसात में ग्रामीणों के लिए बनी मुसीबत, गड्ढों में भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

केंद्र सरकार की हर घर नल जल योजना के तहत लोगों को शुद्ध पेयजल मिले इसके लिए पानी टंकी का निर्माण कर पाइपलाइन बिछाने कार्य किया गया। पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़कों को खोदा गया, वहीं खोदे गए गड्ढे अब ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गए हैं। ठेकेदारों द्वारा पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी सड़कों की मरम्मत नहीं करने से अब बरसात के दिनों में ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। कीचड़ एवं दलदलनुमा सड़क पर चलने मजबूर है। यह स्थिति ग्राम पंचायत मल्लीन की है, जहां डेढ़ साल पहले ठेकेदार ने पाइपलाइन बिछाने के लिए सीसी रोड को जेसीबी से खोदा, किंतु मरम्मत के अभाव में सड़क पर जल भराव होने से कीचड़ हो गया है।

जिसके चलते बारिश में मेन गली वार्ड क्रमांक 6 एवं 7 कीचड़ में तब्दील हो गई है। ठेकेदार की लापरवाही एवं मनमानी के चलते उक्त गली कीचड़ एवं दलदलनुमा हो गया है, जिससे ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अभी हाल ही में हुई बारिश से सड़क की हालत और बिगड़ गई है। स्कूली बच्चों और ग्रामीणों का घर से निकलना भी दूभर हो गया है। ग्रामीणों की परेशानियों को देखते हुए ग्राम पंचायत द्वारा भी मरम्मत के लिए ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने गली की मरम्मत करने बजरी डालने की मांग पंचायत से की है।

### बजरी डलवायी जाएगी

इसी तरह अधिकांश गांवों में भी पाइप लाइन डालने के दौरान सड़कों को यही हाल देखा जा रहा है। इस संबंध में ग्राम पंचायत के सचिव भोजराम पटेल ने कहा गली की मरमत के लिए शीघ्र बजरी डलवायी जाएगी। इस संबंध में जनपद सदस्य एवं वन सभापति अश्वनी रजक ने कहा कि ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए कीचड़युक्त गली में बजरी डालने सरपंच सचिव को बोला गया है।



### ग्रामीणों का निकलना हुआ मुश्किल

जल जीवन मिशन की ओर से हर घर नल जल योजना लोगों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। ग्राम पंचायत मल्लीन में डेढ़ वर्ष पहले ठेकेदार ने पाइपलाइन डालने लाखों की लागत से बनी सीसी रोड को पूरी तरह से खोद दिया था। पाइपलाइन बिछाने के बाद सीसी रोड सड़क की मरम्मत नहीं की गई। मरम्मत के अभाव में अब बारिश होने से सड़क दलदल बन गई है। इससे ग्रामीणों का निकलना मुश्किल हो गया है, जिसके चलते ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीण छबिलाल साहू, प्रकाश साहू, चंदन साहू, रामकुमार साहू, विष्णु साहू, नारायण साहू ने बताया कि डेढ़ वर्ष पहले गांव में पानी की टंकी के लिए पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया गया था, पाइपलाइन बिछाने के बाद ठेकेदार खुदी सड़कों की बिना मरम्मत किए छोड़कर चला गया।

## खबर संक्षेप



### मातेश्वरी जगदंबा की पुण्यतिथि पर हुई श्रद्धांजलि सभा

**खरोरा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, माउंट आबू की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती की 60वीं पुण्यतिथि पर प्रभु उपहार भवन, खरोरा में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खरोरा सहित आसपास गांवों से बड़ी संख्या में भाई-बहन उपस्थित हुए और मातेश्वरी की दिव्य स्मृतियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके माध्यम से ईश्वरीय परिवार ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मातेश्वरी के दो प्रेरणादायक श्लोक हर घड़ी अंतिम घड़ी, हुक्मी हुकुम चलाएं, हमको निमित्त बनाए सभा में विशेष रूप से स्मरण किए गए, जो आज भी ब्रह्माकुमारी संगठन के आध्यात्मिक पथदर्शक बने हुए हैं।

### जिले में अब तक 64.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**बलौदाबाजार** । जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से अब तक 64.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक वर्षा टुण्डरा तहसील में 103 मिलीमीटर हुई है। तहसील लवन 82.1, सिमगा 76, भाटापारा 64, कसडोल 62.8, पलारी 55.4, सुहेला 52.7, सोनाखान 50 एवं बलौदाबाजार में 36.5 मिलीमीटर सबसे कम वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 582.5 मिमी अभी तक दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 64.7 मिमी है। 24 जून 2025 को 181.2 मिलीमीटर दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 20.1 मिमी है। जिले के तहसीलवार में टुण्डरा 41, कसडोल 40, सिमगा 24, सोनाखान 23, लवन 21.5,सुहेला 10.1, बलौदाबाजार 10, पलारी 8.6 एवं भाटापारा 3 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है।

### भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में नहीं होगा डीजे का उपयोग



**रायपुर।** पुरी की तर्ज पर श्री जगन्नाथ रथयात्रा आयोजन समिति कोटा द्वारा भगवान जगन्नाथ रथयात्रा का भव्य एवं दिव्य आयोजन किया जा रहा है। समिति के प्रचार प्रमुख कृपासिंधु तांडी एवं भाबो तांडी, बिरेंद्र सोना, गोपाल बाघ, अमर तांडी, जयलाल नायक, अजय यादव, मालिकराम विश्वकर्मा, गजानंद यादव ने बताया कि जगन्नाथ रथयात्रा में डीजे साउण्ड का उपयोग नहीं किया जाएगा। रथयात्रा प्रधानमंत्री आवास से प्रारंभ होकर जगन्नाथ चौक, जनहित चौक, रामदरबार गेट, कबीर चौक होते हुए कोटेश्वर नगर, गोकुल नगर, लक्ष्मीनारायण मंदिर मार्ग रेलवे क्रॉसिंग होते सिद्धेश्वरी नगर से सिद्धेश्वरी मंदिर के पास विश्राम स्थल पहुंचेगी। रथयात्रा का विभिन्न स्थानों पर भक्तजन रथ में विराजे भगवान जगन्नाथ माता सुभद्रा एवं भैया बलभद्र का स्वागत करेंगे। साथ ही गजा मूंग प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

### प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ यादव शासकीय सेवा समिति ने समाज के 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक से उत्तीर्ण प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। साथ ही खेल प्रतिभा व रंगोली कलाकार को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि पद्मश्री फूलबासन यादव ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं और अपने 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन के अनुभवों, अभावों व संघर्षों को याद करते हुए कहा कि वे मश्किल से 5वीं तक पढ़ाई कर पाईं। गांव में बकरी चराया करती थीं। उन्होंने गांव की महिलाओं को संगठित किया। उन्होंने कहा, हमें डर को हथियार, अज्ञानता को ढाल, गरीबी को तलवार और समाज की कुरीतियों को ढाल बनाकर लड़ना चाहिए, जिससे महिलाएं ताकतवर बन सकें।

## कलेक्टर ने विभागीय कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिए निर्देश

# अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त पुल-पुलिया और सड़क की तत्काल कराएं मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार क्रो समय-सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने वर्षा ॠतु में अतिवृष्टि के कारण अचानक सड़क या पुल-पुलिया क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में मरम्मत हेतु शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों क्रो दिये।

कलेक्टर सोनी ने कहा कि अतिवर्षा के कारण जलभराव, सड़क कटाव तथा पुलिया क्षतिग्रस्त होने पर तत्काल तहसीलदार व एसडीएम क्रो सूचित करें। अत्यधिक बारिश के कारण यदि स्कूल आने- जाने वाले मार्ग में कही पर जल भराव की स्थिति निर्मित होती है तो स्कूल संचालन बंद किया जा सकता है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी, संकुल समन्वयक तथा बीआरसी बारिश के दिनों में सतर्क रहे और स्थिति का आकलन करें। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियो क्रो जर्ज़र सड़कों के मरम्मत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए बारिश से पहले सीमांकन व बटांकन कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने राजस्व न्यायलय के साथ ही मैदानी कार्यो क्रो भी तत्परता से पूरा करने तहसीलदारों क्रो निर्देशित किया। इसके साथ ही आरबीसी 6-4, भू -अर्जन, स्वामित्व योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, आधार सिडिंग, धरती आबा अभियान, समय -सीमा के तहत दर्ज आवेदनों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में डीएफओ गणवीर धम्मशील, सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ति गोते, मिथलेश डोंडे सहित, एसडीएम, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### पर्याप्त संख्या में पौधे उपलब्ध कराने के निर्देश

बारिश के मौसम में वृहद पौधारोपण की समीक्षा करते हुए विभागीय लक्ष्य अनुसार ब्लॉक कार्यालय परिस्सर में पौधारोपण करने तथा ब्लॉक प्लांटेशन के तहत वन विभाग एवं उद्यानिकी विभाग क्रो पर्याप्त संख्या में पौधे उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। इसी तरह एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों, सहकारी सामितियों में भी पौधारोपण करने कहा।

# प्रवेश उत्सव के साथ नए सत्र की हुई शुरुआत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

प्राथमिक शाला नहरडीह में नए सत्र के आगाज के साथ मंगलवार को स्कूल में प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस मौके पर छात्रों का तिलक लगाकर विद्यालय में प्रवेश कराया गया। उसके बाद बारी-बारी से सभी अध्यापकों ने बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया। सत्र के पहले ही दिन बच्चे अपने इस स्वागत को देखकर खुश थे। प्राथमिक शाला नहरडीह में पहले दिन बड़ी संख्या में छात्र स्कूल पहुंचे। विद्यालय में पिछले सत्र कक्षा में टाप छात्रों का भी स्वागत सम्मान किया गया। कक्षा पांचवी में रागिनी साहू 92 प्रतिशत, गुरमीत कुमार 90.5 प्रतिशत, भूमिका साहू 85 प्रतिशत, चौथी कक्षा में पूर्वी, भूमिका, अमर, कक्ष तीसरी में लालिमा, उमंग, प्रीति, तुषार, कक्षा दूसरी में योगिता, कंचन, साहिल, कक्षा पहली डिगेश्वरी, लिलेंद्र, खुशी मारकंडे प्राथमिक शाला के प्राचार्य सरिता ने बताया कि प्रवेश उत्सव पर छात्रों का स्वागत के लिये स्कूल महिला अध्यक्ष भुवनेश्वरी साहू, उपसरपंच सरिता साहू, तिलक यादव, पूर्णिमा, त्रिवेणी, प्रमिला, राजकुमारी, पूजा, डिगेश्वरी, भारती, मायावती, पूनम ध्रुव भी शामिल थे ।

## छात्रों ने लिया योग करने का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विकासखंड सिमगा के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा में योग को जीवन में अपनाने और योग के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया गया।

विद्यालय के व्यायाम शिक्षक वीरेंद्र पटेल के नेतृत्व में आयोजित योग कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाएं, ग्रामवासी, योग प्रेमी, एनसीसी कैडेट, स्कूली बच्चों एवं जनप्रतिनिधियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर सिमगा सिमगा जनपद के अध्यक्ष डॉ. दौलत पाल ने भी योग किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन शैली के लिए योग बहुत आवश्यक है, इसे हर व्यक्ति को रोज करना चाहिए। इस दौरान सरपंच डोमार सिंह मारकंडे, संकुल समन्वयक फलेंद्र कैवर्थ, प्रधान पाठक ताराचंद जायसवाल, प्राचार्य गणेशराम घीतकर, व्याख्याता टी.आर.साहू, सत्येंद्र कुमार चौबे, दिलीप सिन्हा, अजय वर्मा, ललिता वर्मा व आचार्य श्याम सुंदर साहू आदि उपस्थित थे।

### महंगाई भत्ता व डीए एरियर के लिए कर्मचारी संघ की बैठक कल

**मुड़पार-सरसीवां।** छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष करन सिंह अटेरिया द्वारा प्रदेश के अधिकारी कर्मचारियों के सभी संगठनों से आपसी मतभेद भूलकर एक होने की अपील की है। अटेरिया ने कहा कर्मचारी संगठनों में आपसी मदभेद होने के कारण पूर्ववर्ती सरकारों एवं वर्तमान सरकार द्वारा समय पर महंगाई भत्ता नहीं देने तथा डीए एरियर्स की राशि का भुगतान नहीं किये जाने से आर्थिक हानि का खमियाजा सभी अधिकरी-कर्मचारियों को उठाना पड़ रहा है। बैठकर महंगाई भत्ता तथा डी.ए. एरियर्स जैसे मुद्दे पर विचार करने 26 जून को इन्द्रावती भवन नया रायपुर में बैठक आयोजित की गई है, जिसमें छत्तीसगढ़ मंत्रालयीन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष तथा पदाधिकारी गण, छत्तीसगढ़ राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष तथा पदाधिकारी गण, शासकीय अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के संयोजक एवं फेडरेशन से जुड़े सभी प्रांतीय अध्यक्ष एवं पदाधिकारी गण शामिल होंगे।



# बच्चों का मुंह मीठा कर मनाया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



शासकीय प्राथमिक शाला पौंसरी में नए शैक्षिक सत्र के प्रारंभ होने पर शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच चंद्रमणि साहू थे। मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को शाला गणवेश व पाठ्यपुस्तक देकर बच्चों का मुंह मीठा कराते हुए शाला प्रवेश कराया गया ।

संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सरपंच चंद्रमणि साहू ने कहा कि शिक्षा जीवन का आधार है। विद्यार्थी जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि हमें शिक्षकों का सम्मान करते हुए अध्ययन करना चाहिए। जीवन में कुछ पाने के लिए कड़ी मेहनत करना चाहिए। शासन द्वारा दी जा रही मध्यान्ह भोजन, पुस्तक, गणवेश आदि हम सब के लिए शासन का उपहार है। उसका सम्मान और सदुपयोग करना चाहिए। शाला में सिर्फ पढ़ाई लिखाई नहीं होता बल्कि संस्कार भी दिया जाता है, जिससे हम सब एक अच्छे इंसान बन सके। इसलिए आप सब खूब पढ़ लिख कर एक अच्छा इंसान बने। एक श्रेष्ठ नागरिक बने। इस अवसर पर शाला की प्रधानपाठक पुष्पलता नायक, शिक्षिका भारती वर्मा, लभाष जांगडे और नजमा परवीन कुरैशी सहित शाला विकास समिति के सदस्य व पालकगण उपस्थित थे।

### हायर सेकंडरी में मनाया गया प्रवेशोत्सव



**भटगांव।** नगर भटगांव से लगे ग्राम पंचायत गेडापाली के हायर सेकंडरी स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव मुख्य अतिथि कलेक्टर की अध्यक्षता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत की विशिष्ट अतिथि में हाईस्कूल प्रांगण में नवप्रवेश बच्चे को तिलक लगा कर मिष्ठान खिलाकर पुस्तक प्रदान कर प्रवेश कराया गया। कलेक्टर ने बच्चों को प्रेरित करते हुए अच्छी शिक्षा प्राप्त कर अपना भविष्य निर्माण करने, भावी जीवन में अच्छे पदों में सेवा देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। तत्पश्चात एक पेड़ मां के नाम पर हाईस्कूल प्रांगण में पौधारोपण किया गया। शाला प्रवेश उत्सव में विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसएन साहू, पूर्व अध्यक्ष प्रेमलता नेताम, रेवती बाई साहू सरपंच, तुलसी साहू सचिव ग्राम पंचायत गेड़ापाली सहित ग्राम पंचायत गेड़ापाली के हायर सेकंडरी, हाईस्कूल, मिडिल स्कूल, प्रायमरी स्कूल के शिक्षकगण सहित सैकड़ों छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थे।

### हायर सेकंडरी में मना प्रवेशोत्सव

**मुंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पैजनी में सोमवार को शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत बलौदाबाजार के अध्यक्ष सुलोचना यादव थीं। मुख्य अतिथि ने कक्षा नवमीं एवं ग्यारहवीं में नव प्रवेशित छात्र छात्राओं का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों के द्वारा कक्षा नवमीं एवं दसवीं के छात्र छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित किए। अतिथियों ने छात्र छात्राओं का स्वागत करते हुए शिक्षा के महत्व पर विचार व्यक्त किए। प्राचार्य ज्ञानेंद्र कुमार बघेल ने आभार जताया। कार्यक्रम में प्रशांत यादव, सरपंच लुकेश्वर वर्मा, भास्कर वर्मा, उपसरपंच यशवंत वर्मा, हलधर वर्मा, काशी राम यद्दु, गिरवर वर्मा, संजय टंडन, दयावंत गायकवाड़, फ्राजूराम भारद्वाज, उत्तरा कुमार यद्दु, रामकृष्ण वर्मा, योगेश भारद्वाज, अनिता वर्मा, संतोष वर्मा, पारस वर्मा, मनोज कुमार वर्मा, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका भीखम सिंह ठाकुर, हिमांशु वर्मा, ममता राठौर, मधुरदास मानिकपुरी,नवीन कुमार साहू, त्रिलोचन सिंह ध्रुव, दुर्गाप्रसाद वर्मा सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### प्रवेशोत्सव पर बांटे गए गणवेश



**खरोरा।** पीएम श्री नवीन प्राथमिक शासकीय खरोरा में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद दामिनी देवांगन, शाला सामिति के उपाध्यक्ष दिव्या देवांगन तथा पालक सदस्य भी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में अतिथियों ने पहली में प्रवेश लेने वाले बच्चों को स्कूल गणवेश, टाई, बेल्ट कंपास बॉक्स व गुलाल लगाकर स्वागत किया। इस कार्यक्रम में प्रधान पाठक इन्द्राणी वर्मा, संतोषी ठाकुर, प्रहलाद वर्मा, संगीता वर्मा, वरुणकुमार साव सम्मिलित हुए। उपाध्यक्ष दिव्या देवांगन ने अंशिक न्योता भोज के रूप में पूरी तथा चना की सब्जी दी। शाला परिवार की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## पहले दिन कथाकार ने सुनायी गौकर्ण की कथा

# भागवत कथा के शुभारंभ पर निकाली कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

नगर के हृदय स्थल बजरंग चौक में तिवारी परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ रविवार को हुआ ।

ज्ञात हो कि तिवारी परिवार द्वारा स्व. उर्वशी तिवारी के प्रथम पुण्य तिथि पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है, जिसमें कथा वाचक के रूप में रूपाली पाण्डेय ने प्रथम दिन गौकर्ण की कथा सुनाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को आनंदित किया। उन्होंने कहा कि आत्म देव ब्राह्मण ने पुत्र के प्रति स्नेह एवं पुत्र की प्राप्ति के लिए भगवान से आराधना किया उनके घर में दो पुत्र प्राप्त हुये। संत महात्माओं के दिए हुए फल से गाय के गर्भ से गोकर्ण का उत्पति हुई। आत्म देव की पत्नी धुंधली की बहन द्वारा जो पुत्र प्राप्त हुआ, जिसका नाम धुंधकारी है। उन्होंने पिता को दुर्गति प्रदान करने का चेष्टा की, परन्तु बढ़ा भाई गोकर्ण ने माता पिता को मोक्ष प्रदान किया।



इस अवसर पर आयोजक उर्वशी तिवारी के पुत्र भानु शंकर तिवारी सेवा निवृत्त शाखा प्रबंधक– ग्रामीण बैंक, रविशंकर तिवारी सब इंस्पेक्टर कृषि उपज मंडी, सूर्य शंकर तिवारी अधिवक्ता, पौत्र तरुण तिवारी एसीएफ/एसडीओ–वन विभाग, चंद्रकांत तिवारी इंजीनियर आई टी सेक्टर एम एन सी गुरुग्राम सहित ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

